Finish 196.5 x 260 mm

समाज विकास

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन का मुखपत्र

• जनवरी २०१८ • वर्ष ६९ • अंक ०१
मूल्य : ₹ १० प्रति, वार्षिक ₹ १००

उत्कल सम्मेलन के प्रादेशिक अधिवेशन में निर्वाचित अध्यक्ष श्री अशोक जालान (बायें) को पदभार देते प्रादेशिक अध्यक्ष श्री श्याम सुन्दर अग्रवाल।

भारत के महामहिम राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद की कोलकाता यात्रा के दौरान सम्मेलन के प्रतिनिधिमंडल ने उनसे मुलाकात की। परिलक्षित हैं (बायें से) सर्वश्री संतोष सराफ, रामअवतार पोद्दार, डॉ. हरिप्रसाद कानोड़िया, महामहिम राष्ट्रपति, प्रह्लाद राय अगरवाला, सीताराम शर्मा एवं शिव कुमार लोहिया।

सम्मेलन का ८३वाँ स्थापना दिवस समारोह

भारत के पूर्व राष्ट्रपति महामहिम श्री प्रणव मुखर्जी इलेक्ट्रॉनिक दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का उद्घाटन करते हुए; साथ में परिलक्षित हैं पश्चिम बंग के महामहिम राज्यपाल श्री केशरी नाथ त्रिपाठी, सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री प्रह्लाद राय अग्रवाला, सांसद श्री विवेक गुप्त, पूर्व अध्यक्षगण सर्वश्री सीताराम शर्मा, डॉ. हरिप्रसाद कानोड़िया एवं रामअवतार पोद्दार, उपाध्यक्ष श्री संतोष सराफ तथा महामंत्री श्री शिव कुमार लोहिया।

A CLASS APART

Bigboss J-CLASS

Egyptian Cotton Innerwear

FROM THE HOUSE OF Dollar

| www.dollarglobal.in | Buy Online: www.dollarshoppe.in | Also available at all leading shopping portals

Dollar products are available in over 800 cities/towns and 100,000 MBOs across India | Govt. Certified STAR EXPORT HOUSE

समाज विकास

◆ जनवरी २०१८ ◆ वर्ष ७१ ◆ अंक ०१
◆ एक प्रति - ₹१० ◆ वार्षिक - ₹१००

अनुक्रमणिका

शीर्षक	पृष्ठ संख्या
● **सम्पादकीय : सन्तोष सराफ**	३
पाठकों से सुझाव भेजने का अनुरोध	
● **चिट्ठी आई है**	४
● **अध्यक्षीय : प्रह्लाद राय अगरवाला**	५
सम्मेलन एवं समाज की अग्रगति	
● **रपट :** स्थापना दिवस समारोह	७-१४
● **सूचना :** राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव	१५
● **रपट :** उत्कल सम्मेलन का प्रांतीय अधिवेशन	२१-२२
● **रपट :** मारवाड़ी युवा मंचः स्वच्छता अभियान	२३-२४
● **रपट :** पूर्वोत्तर में स्थापना दिवस समारोह	२५-२६
● नए सदस्यों का स्वागत	२७-३४

स्वत्वाधिकारी

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन

प्रशासनिक एवं सम्पर्क कार्यालय : ४बी, डकबैक हाउस, ४१, शेक्सपीयर सरणी, कोलकाता - ७०००१७
फोन : ०३३-४००४ ४०८९

पंजीकृत कार्यालय : १५२बी (द्वितीय तल), महात्मा गांधी रोड कोलकाता - ७००००७

◆ email: aimf1935@gmail.com
◆ Website : www.marwarisammelan.com

के लिये श्री भानीराम सुरेका द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित तथा सी.डी.सी. प्रिंटर्स प्रा. लि., ४५, राधानाथ चौधरी रोड, कोलकाता - ७००००१५ से मुद्रित

संपादक : संतोष सराफ ◆ प्रेरक संपादक : सीताराम शर्मा
सम्पादकीय सहयोग : शिव कुमार लोहिया, संजय हरलालका एवं भंवरमल जैसनसरिया

प्रकाशित रचनाओं से सम्पादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है।

सम्पादकीय

पाठकों से सुझाव भेजने का अनुरोध

– सन्तोष सराफ

देश एक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। पिछले तीन-चार वर्षों में श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की प्रगति को नई दिशा देने का प्रयास हो रहा है। देशवासी श्री मोदी की ओर आशा की दृष्टि से देख रहे हैं। पिछले लगभग एक वर्ष में आर्थिक दृष्टि से कई महत्वपूर्ण फैसले लिये गए हैं। इनका देश की अर्थव्यवस्था पर दूरगामी प्रभाव पड़ने की संभावना है। लेकिन इन फैसलों के मद्देनजर फिलहाल आर्थिक व्यवस्था एक उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। यह स्वाभाविक है। देशवासी वर्तमान असुविधाओं को धैर्य के साथ झेल रहे हैं। वर्तमान परिस्थिति में व्यवसायी समाज सर्वाधिक प्रभावित हुआ है। कहा जाता है कि दूरगामी लाभ के लिए तात्कालिक कठिनाईयाँ उठानी पड़ती हैं। हमारे समाज में व्यवसायियों की बहुतायत है। कठिन से कठिन परिस्थिति में आगे बढ़ने की समाज कूवत रखता है। यह आशा की जाती है कि परिस्थितियाँ जल्द से जल्द सुधरेंगी एवं अर्थव्यवस्था और भी अधिक मजबूत होकर उभरेगी।

वर्ष २०१७ सम्मेलन के लिए गतिविधियों से भरपूर रहा है। सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। समाज विकास के माध्यम से इन गतिविधियों को सभी पाठकों तक पहुँचाने के दायित्व को निर्वहन करने का भरपूर प्रयास किया गया है। प्रांतों से भी समाचार आने लगे हैं। अभी भी बहुत कुछ करना है। सभी प्रांतीय अधिकारियों से अनुरोध है कि प्रांतों एवं शाखाओं के समाचार यथाशीघ्र भेजने की व्यवस्था करें। समाज विकास को और अधिक रोचक एवं उपयोगी बनाने के लिए यह अत्यंत महत्वपूर्ण है। मैं पाठकों से अनुरोध करूँगा कि अपनी प्रतिक्रियाओं से हमें अवगत करवायें। साथ ही साथ अपने सुझाव भी भेजें।

मुझे आशा है कि वर्ष २०१८ में भी सम्मेलन की गतिशीलता कायम रहेगी। सभी पाठकों एवं समाजबंधुओं को नये वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ! साथ ही साथ सभी नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्षों को हार्दिक बधाई! ◆◆◆

चिट्ठी आई है

कर्मकाण्ड के नाम पर रुढ़िवादी परम्पराओं में जकड़ा समाज

अक्टूबर २०१७ के अंक में उक्त विषय पर श्री संजय हरलालका, राष्ट्रीय संगठन मंत्री द्वारा लिखित लेख पढ़ा। बड़ा ही सापेक्षिक विषय है। किसी भी परिवर्तन के लिये मनुष्य में दृढ़ इच्छाशक्ति एवं साहस की जरूरत है। यदि हम लोगों की प्रतिक्रिया की चिन्ता करेंगे तो हो चुका समाज सुधार। 'स्वयं सुधरे तो जग सुधरा' एक कहावत ही बन कर रह जायेगा। प्रस्तुत लेख में लेखक ने जो उदाहरण पेश किया उससे लेखक की मानसिक कमजोरी प्रतीत होती है। उन्हें प्रस्तावित साहसिक कदम उठाना चाहिये था।

मैं अब उनको अपना बीता उदाहरण देता हूँ। गत पाँच वर्षों में मेरे पिता एवं माताजी दोनों का देहान्त हुआ। हमने सम्बन्धियों से खिचड़ी नहीं ली और घर पर ही खाना बनाया। द्वादश पर सुख सेज पर किसी भी तरह का आडम्बर नहीं किया और इसकी जगह ब्राह्मण की पूजा कर उसे नकदी रुपये दिये तथा मृतक भोज में सिर्फ पारिवारिक लोगों को ही आमंत्रित किया। इसमें हमें परिवार के सभी सदस्यों का पूर्ण सहयोग मिला। ब्राह्मण भी व्यर्थ के सामान की जगह नकदी रुपये पाकर काफी खुश था तथा मन से आशीर्वाद दिया। नकदी रुपये उसके बहुत कम आये।

अब ऐसी परम्परा हमारे परिवार में आगे भी निभाई जायेगी, ऐसी आशा है। कहने का तात्पर्य है कि मनुष्य को खुद उदाहरण पेश करना चाहिये। "Man lives by examples, not by saying."

सुरेन्द्र क्याल, कोलकाता

◆◆◆

वैवाहिक समारोहों में मद्यपान निषेध

नवम्बर २०१७ अंक में दिए गए विचार स्तुत्य हैं पर कोई भी सुधार तब तक ग्राह्य नहीं होता, जब तक उसके प्रेरक, समाज के नेता, उसके ध्वजवाहक बन, स्वयं उदाहरण प्रस्तुत न करें। समाज के नेता स्वयं यह वचन उठावें कि वे उन वैवाहिक आयोजनों में जल भी ग्रहण नहीं करेंगे जहाँ सुरा परोसी जायेगी। इसका कठोरता से पालन करें एवं औरों को अपने आचरण एवं वचन से प्रेरित करें।

कोई भी व्यक्ति देखादेखी एवं मिथ्याडम्बर के कारण ही अपने समारोहों में शराब परोसता है। जब समाज के स्वनामधन्य व्यक्ति उसके यहाँ बिना जल ग्रहण किये केवल आशीर्वचन प्रदान कर चले जायेंगे तो मद्यपान की प्रक्रिया को बड़ा धक्का लगेगा और स्वतः अधोगति की ओर अग्रसर हो जायेगी।

बृजमोहन बेरीवाला, कोलकाता

◆◆◆

समाज-कल्याण हो समाज-सुधार का उद्देश्य

बेगूसराय में श्रद्धेय विनोद तोदी के शपथ ग्रहण समारोह में हमें अक्टुबर नवम्बर की दो समाज पत्रिका प्राप्त हुई। पहले अनवरत रूप में यह पत्रिका हमारे पते पर प्राप्त होती थी, अब क्या कारण से प्राप्त नहीं हो रही है, जानकारी नहीं। श्रद्धेय शिवकुमार लोहिया (राष्ट्रीय महामंत्री) द्वारा दिये गए विचार वैचारिक शक्ति एवं समाज सुधार अपने आप में विचारणीय हैं। समाज की हर गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए हर परिस्थितियों को जिससे समाज प्रभावित हो रहा है, हर कठिन स्थिति में रहनेवाले परिवारों के विषय में, नये धनाढ्यो की सही व्याख्या जिससे समाज में कई कुरीतियाँ फैली है, जैसे सामाजिक उत्सवों में शराब का प्रयोग, प्राप्त सामानों का नग्न प्रदर्शन, फिजूलखर्ची, सामाजिक सिद्धांतो से परे जिन्हें हमारे पूर्वजों ने एक सजग के रूप में निभाया है, बड़ी बारीकी से अपने विचार व्यक्त किये हैं। साथ में, समाज सुधार का मुख्य उद्देश्य समाज-कल्याण होना चाहिए। इस बावत महत्वपूर्ण दस विचारों को लिखा है। (१) प्रत्येक समाज के विचार की उत्पत्ति समाज के जरूरतमंद एवं उपेक्षित लोगों को ध्यान में रखकर होनी चाहिये। (२) प्रत्येक व्यक्ति को सामाजिक संयम एवं कायदे-कानून का पालन स्वेच्छा से करना चाहिये। (३) समाज सुधार की प्रक्रिया में धैर्य नहीं खोना चाहिए। (४) समाज सुधारों का अर्थ है नवजागरण। (५) प्रत्येक व्यक्ति सुधार के मापदंड सर्वप्रथम स्वयं पर लागू करे। (६) विचारों का कार्यान्वयन करने के लिये कोशिश तब तक जारी रहनी चाहिए जब तक पूर्ण सफलता न मिल जाये। (७) महात्मा गांधी के कथानुसार सुधार की बातों का सर्वप्रथम लोग संज्ञान नहीं लेंगे। (८) सफलता कभी उतनी सरलता से नहीं मिलने वाली जितना आप सोचते हैं। (९) यह ध्यान में रखना चाहिये कि प्रत्येक व्यक्ति में गुण एवं अवगुण दोनों विद्यमान रहते हैं। (१०) जिस सुधार के लिये आप कार्य कर रहे हैं उसपर आपकी दृढ़ आस्था होनी चाहिये।

विचारों के नवजागरण का समय आ चुका है। सुप्त एवं दिशाहीन समाज को जागृत करने एवं दिशा देने में समाज-पत्रिका का योगदान महत्वपूर्ण होगा। ऐसे मनीषियों एवं विद्वानों के विचारों को समय-समय पर लेना हम सभी समाजसेवियों का परम कर्त्तव्य हो जाता है।

सत्यनारायण तुलस्यान, मुजफ्फरपुर (बिहार)

अध्यक्षीय

सम्मेलन एवं समाज की अग्रगति

– प्रह्लाद राय अगरवाला

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन एवं व्यक्तिगत तौर पर मेरी ओर से सम्मेलन के सभी सदस्यों एवं सभी समाजबंधुओं को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनायें! सम्मेलन के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में भारत के निवर्तमान राष्ट्रपति महामहिम श्री प्रणव मुखर्जी ने अपने सारगर्भित वक्तव्य में सम्मेलन के प्राण-पुरुष स्व. ईश्वरदास जालान का उल्लेख किया तथा उनके द्वारा लिये गए फैसलों का उदाहरण देकर उनकी न्यायप्रियता एवं निष्ठा का वर्णन किया। **महामहिम ने समरसता और समाज कल्याण के कार्यों में मारवाड़ी समाज के योगदान का जिक्र करते हुए एक रोचक बात बतायी। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंग से स्व. बसंत लाल मुरारका उस क्षेत्र से लोकसभा सांसद चुने गए थे, जहाँ मारवाड़ी समाज की जनसंख्या नगण्य थी। यह समरसता और सामाजिक कार्यों में मारवाड़ियों के समर्पण के कारण ही संभव हुआ।**

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल महामहिम श्री केशरीनाथ त्रिपाठी ने भी मारवाड़ी समाज के अवदानों का उल्लेख किया एवं साधुवाद दिया। सम्मेलन के मंच से चाहे वह बिहार में हो, उत्कल में हो, झारखंड में हो या असम में हो, सभी जगह प्रतिष्ठित एवं महत्वपूर्ण व्यक्तियों ने समाज के प्रति सकारात्मक विचार व्यक्त किया है। कुछ दिनों पहले जमशेदपुर में आयोजित झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अधिवेशन में झारखंड के मुख्यमंत्री माननीय श्री रघुबर दास ने समाज के अवदानों की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

इस प्रकार हम यह समझ सकते हैं कि समाज की छवि वृहत्तर परिप्रेक्ष्य में कितनी उज्ज्वल है। इसके लिए हमारे पूर्वजों द्वारा किये गये अवदान, उनकी जीवनशैली, उनके द्वारा स्थापित संस्कार, परम्परा ही प्रमुख कारण हैं। उन्होंने अपने कार्यकलापों, व्यवहार, मिलनसारिता एवं दानवीरता के माध्यम से एक परिपाटी स्थापित की, जिसको आगे बढ़ाने का दायित्व हम पर एवं आनेवाली पीढ़ी पर है। यह कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि यही मारवाड़ी समाज की खासियत रही है। यह एक शोध का विषय हो सकता है कि समाज के व्यक्तियों द्वारा विषम से विषम परिस्थितियों में भी वाणिज्य-व्यवसाय को ही अपना मार्ग चुनने के पीछे क्या कारण थे। हो सकता है, समाज ने जिस प्रकार कंटक भरे मार्ग पर चलते हुए अपनी दिशा निर्धारित की है, उसमें इस समूह की जातिगत या वहाँ की मिट्टी की विशेषता रही होगी। इस विशेषता को कुछ लोग मारवाड़ीयत कहते हैं।

ऐसा सोचने के कारण हैं। मुझे अपनी नयी पीढ़ी पर पूर्ण भरोसा है। वे अत्यंत ही प्रतिभाशाली एवं परिश्रमी हैं। मुझे आशा है कि निश्चय ही इस संबंध में समाज की खूबियों को बरकरार रखने में वे अपनी अभीष्ट भूमिका निभायेंगे। मारवाड़ी समाज की श्रेष्ठता को कायम रखकर उसे राष्ट्र की प्रगति में नियोजित करना ही सम्मेलन का लक्ष्य है, जो कि हमारे पूर्वजों ने बहुत सोच-समझ कर स्थापित किया है। सम्मेलन की गतिविधियाँ इसी लक्ष्य को लेकर ही हैं।

इस सत्र में हमारा प्रयास रहा है कि 'संगठित समाज सशक्त आवाज' नारे के अंतर्गत हम संगठन को मजबूत करें। साथ ही साथ समाज को एक सूत्र में पिरोने का प्रयास जारी रखें। देश के कुछ भागों में सम्मेलन की गतिविधियाँ प्रसारित करने की नितांत आवश्यकता है। इस संबंध में सभी समाज बंधुओं से सहयोग एवं सक्रिय प्रयास करने का अनुरोध करता हूँ। हम सबको अपनी सांगठनिक स्थिति पर जरूर विचार करना चाहिए और सम्मेलन के संगठन-विस्तार हेतु हर स्तर पर यथासंभव प्रयत्न करना चाहिए। शाखाएँ इस विषय पर प्रतियोगिता की भावना के साथ कार्य करें और इस क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त करनेवाली शाखा को प्रादेशिक एवं केन्द्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाए।

हाल ही में प्रांतों में चुनाव द्वारा नये प्रांतीय अध्यक्षों का चयन किया गया है। उत्कल प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के श्री अशोक जालान, बिहार के श्री बिनोद तोदी एवं पूर्वोत्तर के श्री मधुसूदन सिकरिया को मैं बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित करता हूँ! मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि उनके नेतृत्व में सम्मेलन और भी शक्तिशाली होकर उभरेगा।

जय समाज, जय राष्ट्र! ◆◆◆

ब्रह्मांड की सारी शक्तियाँ पहले से ही हमारी हैं। वो तो हम हैं जो अपनी आँखों पर हाथ रख लेते हैं और फिर रोते हैं कि कितना अंधकार है। *– स्वामी विवेकानन्द*

FREE SCHOLARSHIP

MARWARI SAMMELAN FOUNDATION

(A Trust of All India Marwari Federation)

Invites application from the meritorious and needy students of the society for scholarships to pursue Post Graduate Higher Education in the fields of Engineering. Technical, Civil Services, Medicine, Management etc.

Eligibility : (A) Meritorious student with excellent academic record between the age of 17-25 years and having secured admission in a recognized educational institution purely on the basis of merit. (B) Annual income of the parents of the candidate should preferably be less than Rs. Three Lakh.

Procedure : (A) Application with details of past academic records, proof of admission, parent's income/along with passport size photograph may be submitted duly recommended by any branch of Marwari Sammelan/Associated Organisations. (B) The Scholarship payable per student per year will be a maximum of Rs. Two Lakh only. (C) One or two scholarships per academic year is reserved for girl students.

Please apply to : Chairman, Higher Education Committee, All India Marwari Sammelan
4B, Duckback House (4th Floor)
41, Shakespeare Sarani, Kolkata - 700 017
Phone & Fax : (033) 40044089, e-mail: aimf1935@gmail.com

२००६ में पारित वैवाहिक आचार संहिताः व्यवहार में परिणत कराये सम्मेलन

वैवाहिक समारोहों में फिजूलखर्ची, धन का भौड़ा प्रदर्शन, बेतरतीब नाच-गान और मद्यपान पिछले कई दशकों से एक ज्वलंत समस्या रहे हैं। सम्मेलन के विभिन्न मंचों पर इस विषय पर चर्चाएँ हुई हैं, चिन्तन शिविर आयोजित किए गए हैं, गोष्ठियाँ हुई हैं। आज भी गाहे-बेगाहे यह प्रश्न उठता रहता है।

इस संदर्भ में सन् २००६ में आयोजित एक चिन्तन शिविर उल्लेखनीय है। सम्मेलन के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सीताराम शर्मा की परिकल्पना से ४-५ नवम्बर २००६ को साल्टलेक, कोलकाता स्थित जयनारायण गुप्ता स्मृति भवन में आयोजित इस चिंतन शिविर में सम्मेलन के केन्द्रीय-प्रांतीय पदाधिकारी, महिला सम्मेलन की राष्ट्रीय अध्यक्षा एवं अन्य पदाधिकारी, युवा मंच के पदाधिकारियों सहित स्थानीय विद्वानों एवं समाजचिंतकों ने शिरकत की। दो दिनों तक गहन विचार-मंथन के बाद एक वैवाहिक आचार-संहिता तय की गयी जो निम्नवत है:

- मिलनी सबकी ४ रुपया, चाँदी छोड़ कागज का रुपया।
- पानी से पापड़ तक अधिकतम २५ व्यंजन का नियम लागू हो।
- विवाह में दोनों पक्ष को मिलाकर यथासंभव सीमित उपस्थिति हो।
- कम खर्च वाले साधारण निमंत्रण पत्र छपने चाहिए।
- सज्जन गोठ बन्द हो।
- नेग का कार्यक्रम एक ही होना चाहिए।
- सगाई/विवाह की मिठाई का खर्च वर पक्ष ही वहन करें।
- बैण्ड, सड़क पर नाच, वैवाहिक समारोहों में शराब का उपयोग वर्जित हो।
- रात्रि के विवाह की बनिस्पत दिन के विवाह को प्राथमिकता दी जाए।

इस आचार-संहिता को सम्मेलन ने यथाशक्ति प्रचारित-प्रसारित किया। प्रांतीय शाखाओं ने भी अपने-अपने स्तर से कदम उठाए। एक विचार-मंच के रूप में सम्मेलन ने अपनी भूमिका निभायी, समाधान तलाशा किन्तु इसको व्यवहार में परिणत करने के लिए पूरे समाज के हर परिवार की भागेदारी जरूरी है।

आज की परिस्थितियों का अगर आप आकलन करें, तो पायेंगे कि कुल मिलाकर स्थिति शुभ नहीं है। आज फिर हमें इस विषय पर विचार करने, समाधान का मार्ग तय करने और सबसे जरूरी सभी को उस मार्ग पर कैसे लाया जा सके, यह सोचना है।

उपर्युक्त के आलोक में प्रांतीय इकाइयों, शाखा सम्मेलनों, समाजचिंतकों से उपरोक्त आचार संहिता को रूपायित करने हेतु पुनर्प्रयास का अनुरोध है।

डॉ. जुगल किशोर सराफ
चेयरमैन,
समाज सुधार उपसमिति

मारवाड़ियों का देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदानः प्रणव मुखर्जी

स्वतंत्रता-संग्राम से राष्ट्रनिर्माण तक मारवाड़ियों की भूमिका अग्रणीः राज्यपाल त्रिपाठी

समाज विकास विशेषांक का विमोचन

"मारवाड़ी समुदाय स्वतंत्रता-पूर्व भारत से लेकर आज तक परिवर्तन की प्रक्रिया में सक्रिय प्रतिभागी रहा है। जमनालाल बजाज, घनश्याम दास बिड़ला, डॉ. राममनोहर लोहिया और इन जैसे अनेक विशिष्ट प्रतिभाशाली समाजबंधुओं ने वाणिज्य-व्यापार, राजनीति, शिक्षा, न्यायतंत्र, मीडिया आदि के क्षेत्र में जो अग्रणी योगदान किया है, उसका आकलन कठिन है। मारवाड़ी देश के कोने-कोने में फैलकर आपूर्ति-श्रृंखला एवं वित्तीय वितरण का तंत्र स्थापित करने वाला पहला समुदाय था। इस समुदाय की सबसे विशिष्ट खूबी रही है कि ये जहाँ कहीं भी बसे हैं, वहाँ की सर्वांगीण प्रगति में अग्रणी भूमिका निभाई है।" ये उद्‌गार भारत के पूर्व राष्ट्रपति महामहिम श्री **प्रणव मुखर्जी** ने सम्मेलन के ८३वें स्थापना दिवस के अवसर पर उद्‌घाटनकर्ता एवं मुख्य अतिथि के रूप में अपने वक्तव्य में प्रकट किए। समारोह कोलकाता स्थित कला मंदिर सभागार में २५ दिसम्बर २०१७ को प्रातः ११ बजे से आयोजित किया गया।

समारोह के सम्मानित अतिथि के रूप में अपने सम्बोधन में **पश्चिम बंग के महामहिम राज्यपाल श्री केशरीनाथ त्रिपाठी** ने राष्ट्र के स्वतंत्रता-संग्राम और स्वतंत्रता के बाद राष्ट्रनिर्माण में मारवाड़ियों के विशिष्ट योगदान का उल्लेख किया। सम्मेलन के समाज-सुधार के कार्यक्रमों और हाल में वैवाहिक समारोहों में मद्यपान पर नियंत्रण हेतु कदमों की श्री त्रिपाठी ने प्रशंसा की और कहा कि **समाज स्वस्थ रहने में ही देश की प्रगति निहित है।**

अपने स्वागत वक्तव्य में सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री प्रह्लाद राय अगरवाला** ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि बदलते समय के साथ मारवाड़ी समाज ने वाणिज्य-व्यापार की परिधि से बाहर निकल अन्य क्षेत्रों में भी उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की है। तथापि आज युवक-युवतियों को सामाजिक कुरीतियों की ओर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। **गतिशील विश्व में हम सामाजिक गतिहीनता में नहीं रह सकते।**

सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं समारोह के प्रधान वक्ता **श्री सीताराम शर्मा** ने मारवाड़ियों एवं सम्मेलन की पृष्ठभूमि, इतिहास, उद्देश्यों-कार्यक्रमों आदि पर विस्तार से प्रकाश डाला और कई रोचक संस्मरण सुनाये। बंगाल, विशेषकर कोलकाता में मारवाड़ियों और बंगालियों के बीच लम्बे समय से सामाजिक-शैक्षणिक-साहित्यिक-सांस्कृतिक क्षेत्रों में परस्पर आदान-प्रदान पर उन्होंने सविस्तार चर्चा की और **समरसता की भावना को मारवाड़ी समाज का एक विशिष्ट गुण बताया।**

समारोह के विशिष्ट अतिथि, दैनिक सन्मार्ग के ग्रुप सम्पादक, **सांसद श्री विवेक गुप्त** ने अपने उद्‌बोधन में सर्वप्रथम सम्मेलन के **स्थापना दिवस समारोह हेतु पश्चिम बंग की जनप्रिय मुख्यमंत्री सुश्री ममता बंद्योपाध्याय का शुभ संदेश दिया।** श्री गुप्त ने कहा कि मारवाड़ियों ने कोलकाता में मात्र व्यापार ही नहीं किया अपितु जनकल्याण के विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी योगदान किया है। उन्होंने **सम्मेलन के "वैवाहिक कार्यक्रमों में मद्यपान निषेध" कार्यक्रम को सुसामयिक बताया और सभी उपस्थितों से उसमें सहभागिता का अनुरोध किया।**

सम्मेलन की निर्देशिका का विमोचन

<< स्थापना दिवस समारोहः तस्वीरों के आइने में >>

श्री अब्दुल समद राही का सम्मान

डॉ. नीरज दइया का सम्मान

सांस्कृतिक कार्यक्रम की झलकियाँ



श्री सुरेश चंद्र व्यास (ऊपर);
बायें धर्मपत्नी श्रीमती वीणा व्यास के साथ।

समारोह में सर्वप्रथम सर्वश्रीमती सुनीता लोहिया, पुष्पा बियाणी, उषा अग्रवाल, शर्मिष्ठा दासगुप्ता आदि ने राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। तत्पश्चात् बुके, साफा और मेमेन्टो देकर अतिथियों एवं पदाधिकारियों का यथायोग्य स्वागत किया गया।

भारत के निवर्तमान राष्ट्रपति महामहिम श्री प्रणव मुखर्जी ने महागणेश को दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया। सम्मेलन की सद्यप्रकाशित **निर्देशिका** का विमोचन पश्चिम बंग के महामहिम राज्यपाल श्री केशरीनाथ त्रिपाठी के कर-कमलों से निर्देशिका उपसमिति के चेयरमैन **श्री ओम प्रकाश अग्रवाल** ने करवाया।

स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर प्रकाशित सम्मेलन के मासिक मुखपत्र **'समाज विकास'** के विशेषांक का विमोचन सम्मेलन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री **श्री संजय हरलालका** ने भारत के निवर्तमान राष्ट्रपति महामहिम श्री प्रणव मुखर्जी के कर-कमलों से करवाया।

सम्मान समारोह

प्रत्येक वर्ष की भांति स्थापना दिवस के अवसर पर राजस्थानी भाषा-साहित्य की श्रीवृद्धि हेतु दिए जाने वाले सम्मान - सीताराम रुँगटा राजस्थानी भाषा-साहित्य सम्मान एवं केदारनाथ भागीरथी देवी कानोड़िया राजस्थानी भाषा बाल-साहित्य सम्मान, इस वर्ष भी विधिवत एवं भव्य अंदाज में प्रदान किए गए।

सीताराम रुँगटा राजस्थानी भाषा-साहित्य सम्मानः राजस्थानी भाषा-साहित्य की श्रीवृद्धि में विशिष्ट योगदान हेतु यह सम्मान बीकानेर, राजस्थान निवासी, बहुमुखी प्रतिभा के धनी, मूर्धन्य साहित्यकार **डॉ. नीरज दइया** को दिया गया।

पश्चिम बंग के **महामहिम राज्यपाल श्री केशरीनाथ त्रिपाठी** ने मानपत्र एवं सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष **डॉ. हरिप्रसाद कानोड़िया** ने श्रीफल, माला, शॉल और चेक भेंट कर डॉ. दइया को सम्मानित किया।

केदारनाथ भागीरथी देवी कानोड़िया राजस्थानी भाषा बाल-साहित्य सम्मानः राजस्थानी भाषा के बाल-साहित्य की श्रीवृद्धि हेतु यह सम्मान सोजत शहर, राजस्थान निवासी प्रतिभाशाली साहित्यकार **श्री अब्दुल समद राही** को दिया गया।

भारत के **निवर्तमान राष्ट्रपति महामहिम श्री प्रणव मुखर्जी** ने मानपत्र एवं सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री रामअवतार पोद्दार** ने श्रीफल, माला, शॉल और चेक भेंट कर श्री राही को सम्मानित किया।

श्री संतोष सराफ

धन्यवाद ज्ञापन करते हुए समारोह की स्वागत समिति के चेयरमैन एवं सम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष **श्री संतोष सराफ** ने सभी उपस्थितों का आभार प्रकट किया और सम्मेलन के भावी समारोहों एवं कार्यक्रमों में सहभागिता का अनुरोध किया। सत्र का संचालन करते हुए सम्मेलन के राष्ट्रीय महामंत्री **श्री शिव कुमार लोहिया** ने सम्मेलन के कार्यक्रमों और उद्देश्यों के परिप्रेक्ष्य में **"आज अंधेरा हो भले, पर स्वप्न तो स्वर्णिम सजाओ। कल्पना साकार करने, नवसृजन के गीत गाओ। मैं अकेला ही चलूँगा, साथ कोई हो न हो। तोड़ दूँगा रूढ़ियाँ, अवरोध कितना भी कठिन हो।"** जैसे उद्धरणों एवं उक्तियों से कार्यक्रम को सरस बनाये रखा। राष्ट्रगान के साथ यह सत्र सम्पन्न हुआ।

श्री शिव कुमार लोहिया

सांस्कृतिक कार्यक्रम

समारोह के दूसरे सत्र में **अविष्का लोक कला मंच (दिल्ली)** के कलाकारों ने प्रसिद्ध राजस्थानी लोकनृत्य, गायन एवं मनमोहक संगीत की प्रस्तुति की और सतरंगी छटा बिखेरी।

अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सुख्यात **श्री सुरेश चन्द्र व्यास** ने विभिन्न प्रकार के राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत किए। उनके विश्वप्रसिद्ध भवई नृत्य ने तो उपस्थित समुदाय को चमत्कृत कर दिया। खचाखच भरा कला मंदिर सभागार करतल ध्वनि से गुंजायमान होता रहा।

सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन करते हुए सम्मेलन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री **श्री संजय हरलालका** ने गीतों-नृत्यों की सरस प्रस्तावना दी एवं शमां बाँधे रखा।

दर्शक-दीर्घा

ज्ञातव्य है कि अविष्का लोक कला मंच राजस्थान की लोक-विरासत के संरक्षण एवं उसके प्रचार-प्रसार के क्षेत्र में एक सुप्रसिद्ध नाम है। मंच राजस्थान ही नहीं, बल्कि पूरे देश और विदेश के युवक-युवतियों में भी राजस्थान की लोक-कलाओं के प्रति रूचि जागृत करने एवं उन्हें इनकी शिक्षा देने में एक लम्बे समय से प्रयासरत रहा है। मंच को श्री व्यास के नेतृत्व में स्विटजरलैंड, फ्रांस, अल्बानिया, चेक रिपब्लिक, टर्की, इजरायल, सिंगापुर, मॉरीशस, रूस, कजाकिस्तान सहित अनेक देशों में राजस्थानी संस्कृति का परचम लहराने का गौरव हासिल है।

समाचार सार

दिनेश जैन को मिली पी.एच.डी. की उपाधि

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय महामंत्री एवं कोलकाता में निवेश के क्षेत्र में सुख्यात कंपनी ओम कैपिटल के एम.डी. **श्री दिनेश जैन** को **'जैन धर्म के अनेकांत वाद'** पर अनुसंधान हेतु **जैन विद्या शोध संस्थान ने पी.एच.डी. की उपाधि प्रदान की है**। संस्थान द्वारा गत १६ दिसम्बर २०१७ को कोलकाता स्थित विद्या मंदिर में आयोजित एक समारोह में श्री जैन को पश्चिम बंग के महामहिम राज्यपाल **श्री केशरीनाथ त्रिपाठी** के कर-कमलों से यह उपाधि प्रदान की गई।

अवसर था जैन भवन के ७२ वर्ष पूर्ण होने का एवं जैन जर्नल के स्वर्ण-जयंती समारोह का। 'बंग भूमि में जैन धर्म' की थीम के साथ आयोजित इस समारोह में 'जैन जीवनशैली की प्रासंगिकता' विषयक आलेख प्रतियोगिता आयोजित की गई और विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में बंगाल में जैन विरासत पर एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई।

समारोह को सम्बोधित करते हुए महामहिम राज्यपाल श्री त्रिपाठी ने कहा कि जैन सिद्धांत व्यावहारिक एवं वैज्ञानिक मूल्यों पर आधारित हैं। जैन धर्म यद्यपि प्राचीन है किन्तु यह एक ऐसी जीवनशैली हो आज भी प्रासंगिक है इसे अपनाकर

हम जीवन में अपार सफलता हासिल कर सकते हैं।

समारोह में **डॉ. जीतेन्द्र बी. शाह, सर्वश्री सर्वेश जैन, सी. एम. बच्छावत, आचार्य रामकृष्ण शास्त्री, कमल सिंह रामपुरिया, अजयचंद बोथरा, डॉ. बसुमति डागा, रतनलाल अग्रवाल, राजेन्द्र खंडेलवाल, विजय कुमार गोलछा, शोभा भूतोड़िया, गौतम दुग्गड़, रूपचंद सावनसुखा, अनिल दुग्गड़, महेन्द्र राय मेहता** सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे। **श्रीमती पुष्पा वैद** ने समारोह का संचालन किया।

Speech by H.E. Shri Pranab Mukherjee, Former President of India

I am happy to be present here today and I congratulate you all on the 83rd Foundation Day of the All India Marwari Federation. It is a matter of great pride for an organization to complete 82 years of its journey. I understand this Federation was established in 1935 under the able guidance of Shri Ishwardas Jalan.

As we know, the All India Marwari Federation has spearheaded many effective, beneficial and successful campaigns for social reforms. Decades come and go but what remain are the impressions left behind the acts of individuals and reformers. India is privileged to have had epochal reformists like Dayanand Saraswati and Raja Ram Mohan Roy. They inspired radical changes in the society and the nation is ever indebted to them for their contributions.

Friends, as a part of the community and as a responsible citizen, it falls upon our shoulders to ensure that we achieve an egalitarian society. A society, where there is equality and equity. A society, where there is safety and security. A society, where we exist together in harmony, a society that our founding fathers envisioned for us. A society, where everyone irrespective of caste, creed and gender gets respect and a sense of self-esteem.

Ladies and Gentlemen, it is the society as much as the Government, on which the onus of producing citizens who are not only literate, but educated. I believe that constructive steps towards such an enabling society will help us in holistic growth and development. I understand that, social reform is a continuous process. It takes time for a social reform to take root and blossom into a flower. It requires sustained nurturing, efforts and conviction. As George Bernard Shaw has rightly said, "Progress is impossible without change and those who cannot change their minds cannot change anything".

It is here that I would like to emphasize that the Marwari community has played a pivotal role in social reform process. They have been active participants of the process of change since pre-independence era. It is difficult to measure the pioneering contributions made by Shri Jamnalal Bajaj, Shri Ghanshyam Das Birla, Dr Ram Manohar Lohia and host of luminaries of the community in the fields of trade, industry, education, judiciary, media etc.

Marwari community was the first to spread in every nook and corner of the country, establishing supply chains and financial distribution network. The most important aspect of the community has been its contribution to an overall development of the region, wherever they have settled. The community has been known for its honesty, innovation, adaptability, philanthropy and resilience. It is these efforts which have earned the Marwari Community respect, not only as a community but for the country as a whole.

Friends, Philanthropy has been an integral part of Marwari community, since the beginning of the business community and their eventual rise. The community took up the cause of education, reform of public health system and social reform at the outset, especially in Kolkata.

In addition to this, the philanthropic ventures of the Marwari Community are visible throughout the country via charitable institutions, hospitals, Jain temples, rest houses, auditoriums and public drinking water facilities built by prominent Marwaris over the past six decades. An integral part of the history of Bengal, your contribution to art, architecture and culture of Bengal can never be overlooked.

It is good to see that All India Marwari Federation is engaged in bringing about a positive social revolution around the ethos of service of fellow human beings, compassion and help to the most marginalized. This service to the society is commendable. I am certain that the inspiration behind the successful endeavours of All India Marwari Federation also in part due to the leaders behind it. Some of them had national recognition as well, like Raibahadur Ramdeo Chokhani, Padmapat Singhania, Brijlal Biyani, Seth Govinddas, Harishankar Singhania and others. These were men and women of Marwari community, who led from the front. It is these leaders whose hard work and efforts left an imprint on the economic landscape of the country. Their sheer courage to break free from the shackles of colonial rule leave an everlasting impact on the social and cultural milieu is the finest example of their acumen and philanthropy.

In conclusion, let me quote Rabindranath Tagore who said – "I slept and dreamt that life was joy. I awoke and saw that life was service. I acted and behold, service was joy." It is with these wonders, highlighting the importance of service to humanity, I compliment you all and wish that the Federation continue its nation building activities in the days and years to come. Thank you, Jai Hind.

श्री केशरीनाथ त्रिपाठी, महामहिम राज्यपाल, पश्चिम बंग, का वक्तव्य

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के ८३वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल होकर मुझे अपार हर्ष हो रहा है। इस अवसर पर मैं सम्मेलन के सभी सदस्यों को अपनी शुभकामनायें प्रेषित करता हूँ। यह एक गर्व का विषय है कि सम्मेलन ने अपने ८२ वर्ष के जीवनकाल में राष्ट्र एवं समाज के विकास में अपना अतुलनीय योगदान दिया है।

मारवाड़ी समाज की राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन एवं बाद के विकास में महती भूमिका रही है। सेठ जमनालाल बजाज एवं घनश्याम दास बिड़ला की स्वतंत्रता आंदोलन में आर्थिक भूमिका महत्वपूर्ण रही है। समाज के शिरोमणि जमनालाल बजाज को महात्मा गांधी के पाँचवे पुत्र होने का सौभाग्य प्राप्त था। गांधीजी के नेतृत्य में 'करो या मरो' आंदोलन में समाज के लोगों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया एवं गिरफ्तार हुए। गिरफ्तार होने वालों में डॉ. राममनोहर लोहिया, बृजलाल बियाणी, सेठ गोविन्ददास, बसंतलाल मुरारका, सीताराम सेक्सरिया, मूलचंद अग्रवाल, भगीरथ कानोड़िया, विजय सिंह नाहर, भंवरमल सिंघी एवं सिद्धराज ढ़ड्ढ़ा आदि भी शामिल थे।

देश में कोई ऐसा स्थान नहीं जहाँ मारवाड़ी समाज के लोग न रहते हों। प्रारम्भ में मारवाड़ी से केवल व्यापार करने वाली जाति का भान होता था पर आज यह व्यापार के साथ-साथ कला, संस्कृति, साहित्य, तकनीक, शिक्षा एवं अन्यान्य क्षेत्रों में अपना उल्लेखनीय स्थान बना रहे हैं एवं देश की प्रगति में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं। यह जानकर मुझे खुशी है कि सम्मेलन का उद्देश्य – 'म्हारो लक्ष्य राष्ट्र री प्रगति' है।

सम्मेलन मारवाड़ी समाज की एक वैचारिक संस्था है। समाज सुधार के क्षेत्र में पर्दाप्रथा उन्मूलन, नारी शिक्षा प्रसार, विधवा विवाह समर्थन, दहेज प्रथा उन्मूलन, फिजूलखर्ची एवं आडम्बर जैसे अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर सम्मेलन ने सफल हस्तक्षेप किया है। इसका प्रतिफल आज हमें देखने को मिल रहा है। समाज में महिलायें सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं। समाज स्वस्थ रहने में ही देश की प्रगति निहित है। समय की माँग है कि हम समाज को प्रदूषण से दूर रखें। साथ ही साथ जो भी कुरीतियों सिर उठाती हैं उनको परिमार्जित करें। मुझे यह बताया गया है कि इस वर्ष राँची में आयोजित सभा में वैवाहिक कार्यक्रमों में मद्यपान निषेध के लिए प्रस्ताव पारित हुआ था। इस विषय में सम्मेलन के हस्तक्षेप का सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

मारवाड़ी समाज द्वारा पूरे देश में निर्मित धर्मशाला, मंदिर, विद्यालय, कालेज एवं अस्पताल आदि दर्शाते हैं कि समाज ने अपना सामाजिक दायित्व निभाया है। हमारी सनातन संस्कृति का आदर्श रहा है कि जो भी सम्पति एवं साधन हमारे हाथ में हैं, वे हमारे पास थाती के रूप में हैं। उनका उपयोग हमें उन्हीं बातों के लिए करने का अधिकार है जिनसे वर्तमान एवं आने वाली पीढ़ियों का हित साधन हो। महात्मा गांधी ने भी इन्हीं बातों को अपने ट्रस्टीशीप के सिद्धांत में समाहित किया था।

मारवाड़ी समाज का इतिहास गौरवमय रहा है। यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन पूरे समाज को एक सूत्र में पिरोकर उसकी ऊर्जा को राष्ट्रहित में कारगर ढ़ंग से प्रयुक्त करने में संलग्न है। समाज सुधार एक निरंतर प्रक्रिया है। मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि सम्मेलन अपने उद्देश्यों की ओर सतत् प्रयत्नशील रहेगा और सफलता प्राप्त करेगा।

समाचार सार

वोयाजिन हुई पुरस्कृत

जयपुर के श्री तुषार खण्डेलवाल की टोकियो (जापान) स्थित कम्पनी वोयाजिन को पर्यटन उद्योग का प्रसिद्ध ट्रेवलमोल मिडिया ग्रुप ए.पी.ए.सी.-२०१७ पुरस्कार प्राप्त हुआ है। उल्लेखनीय है कि यह पुरस्कार पर्यटन उद्योग से सम्बद्ध कम्पनियों को उत्कृष्ट वेब सोशियल मोबाइल और पर्यटन प्रौद्योगिकी के लिए दिया जाता है। वोयाजिन की वेबसाइट 'वोयाजिन.कॉम' को पर्यटन उद्योग से संबंधित जानकारी देने वाली सर्वश्रेष्ठ वेबसाइट चुना गया है। यह वेवसाइट अपनी उपयोगिता के कारण जापान एवं अन्य देशों में भी लोकप्रिय है।

युवा उद्यमी तुषार को अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की हार्दिक बधाई!

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री प्रह्लाद राय अगरवाला का स्वागत-वक्तव्य

सम्मानित मंच, बहनों एवं भाइयों,

देश के पूर्व राष्ट्रपतियों – ज्ञानी जैल सिंह, शंकरदयाल शर्मा एवं प्रतिभा देवीसिंह पाटिल ने मारवाड़ी सम्मेलन के समारोहों में अपनी उपस्थिति से हमारा मान बढ़ाया है। इसी कड़ी में आज हमारे बीच हमारे अपने पूर्व राष्ट्रपति प्रणव बाबू की गौरवमयी उपस्थिति हम सभी के लिए गर्व, सम्मान एवं गौरव की बात है। उनका हार्दिक स्वागत करते हुए हम उनका हृदय से आभार व्यक्त करते हैं।

मारवाड़ी सम्मेलन पर हमारे अपने राज्यपाल श्री केशरीनाथ जी त्रिपाठी की विशेष कृपा रही है। समय-समय पर उनका सानिध्य एवं मार्गदर्शन हमें मिलता रहता है। मैं उन्हें प्रणाम करते हुए राज्यपाल जी का हार्दिक स्वागत करता हूँ।

मुझे सांसद एवं सन्मार्ग के यशस्वी सम्पादक श्री विवेक गुप्ता और हमारे प्रधान वक्ता एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सीताराम शर्मा का स्वागत करते हुए हार्दिक खुशी हो रही है।

मारवाड़ी समाज में पिछले कई दशकों में एक भारी बदलाव आया है। शिक्षा, साहित्य, संस्कृति के साथ-साथ व्यापार उद्योग में सुखद परिवर्तन घटा है, लेकिन सामाजिक एवं नैतिक मूल्यों में गिरावट एक चिन्ता का विषय है। हम सामाजिक कुरीतियों के विचारों से स्वतंत्र नहीं हो पा रहे हैं। आज होनहार युवा वर्ग में आदर्श की, सत्यनिष्ठा की, आचरण की कमी दिखायी देती है।

मारवाड़ी समाज आढ़ती-दुकानदार-व्यापारी से आगे बढ़कर कल-कारखानों का मालिक, राष्ट्रीय-अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का उद्योगपति बना है।

सम्मेलन एक विचार संस्था है एवं समाज को अपने कर्त्तव्य एवं उत्तरदायित्व का युगबोध कराता रहा है। गतिशील विश्व में हम सामाजिक गतिहीनता में नहीं रह सकते। सम्मेलन के मुख्य उद्देश्य हैं – राष्ट्रीय एकता तथा प्रगति, सामाजिक समरसता एवं समाज सुधार।

आप अभिभावक विद्वानों के विचार, परामर्श एवं दिशा-निर्देश समाज को प्रगति के पथ पर अग्रसर करेंगे एवं नई सोच, नये कार्यक्रम एवं एक नई रफ्तार प्रदान करेंगे। एक बार फिर आप सभी का स्वागत, धन्यवाद!

समाचार सार

'पांचजन्य' साप्ताहिक का जैथलियाजी पर केन्द्रित अंक लोकार्पित

अक्षर सा खरा व्यक्तित्व था जुगलजी का : हितेश शंकर

'विचार को जीवन में उतारने वाले प्रतीक पुरुष थे जुगलजी। अक्षर सा खरा व्यक्तित्व था उनका। चिन्तन एवं क्रियान्वयन (थॉट एंड एक्शन) स्कूल के संवाहक थे जुगल जी। रा. स्व. संघ से प्राप्त अनुशासन एवं राष्ट्र एवं समाज के लिए कुछ करने का संकल्प उनकी सबसे बड़ी प्रेरणा थी।' ये विचार हैं 'पांचजन्य' साप्ताहिक के संपादक **श्री हितेश शंकर** के, जो कोलकाता स्थित ओसवाल भवन सभागार में श्री बड़ाबाजार कुमारसभा पुस्तकालय की ओर से ३० दिसम्बर २०१७ को आयोजित एक विशेष समारोह **'अपना काम देश के नाम'** में बतौर प्रधान वक्ता बोल रहे थे। इस समारोह में **स्व. जुगल किशोर जैथलिया** पर केन्द्रित **'पांचजन्य'** साप्ताहिक के ७ जनवरी २०१८ अंक **'कर्मपथ के पथिक'** का लोकार्पण प्रख्यात आयकर सलाहकार **श्री सज्जन तुल्स्यान** ने किया। उन्होंने कहा कि व्याख्यान का विषय 'अपना काम देश के नाम' जुगल जी के व्यक्तित्व एवं कर्तृत्व से जुड़कर अपनी सार्थकता पाता है।

अपने अध्यक्षीय भाषण में **श्री सज्जनकुमार तुल्स्यान** ने कहा कि जुगलजी दूरदर्शी व्यक्ति थे। उनकी राष्ट्रनिष्ठा अनुकरणीय है। मुख्य अतिथि **श्री प्रकाश बेताला** ने कहा कि वे मेरे जैसे अनेक कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्रोत थे। अपने स्वागत भाषण में कुमारसभा

लोकार्पण समारोह में (बायें से) श्रीमती स्नेहलता बैद, श्री महावीर बजाज, श्री प्रकाश बेताला, श्री सज्जन कुमार तुलस्यान, श्री हितेश शंकर, डॉ. प्रेमशंकर त्रिपाठी एवं श्री सरदारमल कांकरिया।

के **अध्यक्ष डॉ. प्रेमशंकर त्रिपाठी** ने कहा कि जुगलजी पृष्ठभूमि में रहकर योग्यतानुसार कार्यकर्त्ताओं को दायित्व सौंपते थे। उन्होंने कार्यकर्त्ता निर्माण का महत्त्वपूर्ण काम किया।

प्रभात खबर के संपादक **श्री तारकेश्वर मिश्र** ने जुगलजी का स्मरण करते हुए दो पंक्तियाँ कहीं– **'कुछ लोग है जो वक्त के साँचे में ढल गए/कुछ लोग हैं जो वक्त का साँचा बदल गए।' श्री रुगलाल सुराना, श्री सरदारमल कांकरिया, श्री सुशील ओझा एवं** वरिष्ठ साहित्यकार **श्रीयुक्त श्रीनिवास शर्मा** ने भी श्रद्धांजली देते हुए अपने विचार व्यक्त किये।

समारोह के प्रधान वक्ता एवं सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सीताराम शर्मा के वक्तव्य से उद्धृत

सहृदय कविवर राज्यपाल जी बंगाल में अभिभावक के रूप में उभरे हैं और जिन दो समुदाओं को सबसे अधिक उनका स्नेह एवं प्यार मिला है – पहला बंगाल के कवियों एवं साहित्यकारों को और दूसरा हम कह सकते हैं मारवाड़ी समाज को – हम इनके हृदय से अत्यन्त आभारी हैं।

मैं आदरणीय प्रणव बाबू के विषय में कहना चाहता हूँ कि मारवाड़ी सम्मेलन की वर्षों से इच्छा रही है कि प्रणव बाबू हमारे बीच पधारें और उनके विचारों एवं मार्गदर्शन से हम लाभान्वित हो सके। आज हमारी यह इच्छा पूर्ण हुई है, हम आपके आभारी है। मैं समझता हूँ कि यह पहला अवसर है जब प्रणव बाबू मारवाड़ी समाज के एक राष्ट्रीय सम्मेलन में पधारे हैं एवं पूर्ण समाज को सम्बोधित कर रहे हैं।

मारवाड़ी समाज और बंगाल का एक पुराना, महत्वपूर्ण और गहरा संबंध रहा है। चाहे वह स्वामी विवेकानन्द और खेतड़ी महाराज का हो या सत्यजीत रे का सोनार किल्ला हो। आज भी राजस्थान में बंगाली पर्यटकों की संख्या सबसे अधिक है।

मारवाड़ी समाज के सब बड़े व्यावसायिक घरानों का आरम्भ कलकत्ता-बंगाल से रहा है जो ब्रिटिश भारत की राजधानी थी और देश का सबसे उन्नत व्यवसायिक ही नहीं, ज्ञान-विज्ञान, साहित्य-संस्कृति का केन्द्र था। देश के हर कोने में बंगाली डॉक्टर, बंगाली वकील और स्टेशन मास्टर प्रसिद्ध थे।

चाहे वे घर बिड़ला, बांगड़, जटिया, बाजोरिया, जालान, गोयनका, सिंघानिया, पोद्दार - सबका आरम्भ कलकत्ता बंगाल से हुआ है। १९१५ में घनश्याम दास बिड़ला भी २१ वर्ष की आयु में पहली बार गांधीजी से कलकत्ता में ही मिले थे।

मारवाड़ी शब्द की प्रसिद्धि भी बंगाल से हुई। सन् १५६४ में जब सुलेमान किरानी बंगाल में राज्य करता था तब से बंगाल में मारवाड़ी शब्द का प्रयोग मिलता है। सन् १६०५ में राजा मानसिंह अकबर के मंत्री के रूप में बंगाल आये।

कलकत्ता के संस्थापक जॉब चार्नक ने लिखा है – हिन्दुस्तान में एक मारवाड़ी जाति ही ऐसी है जो व्यापार में दक्ष और ईमानदार है।

व्यवसाय ही नहीं शिक्षा, राजनीति एवं साहित्य में भी बंगाल का मारवाड़ियों पर विशेष प्रभाव रहा है। १८९० में दो मारवाड़ी युवक – इन्द्रचन्द दुधोदिया एवं इन्द्रचन्द नाहटा बिलायत पढ़ने गये। १९२८ के गजट में यह प्रकाशित है कि कलकत्ता की इन्दुमती गोयनका पहली मारवाड़ी महिला थी जो आजादी के लिये सत्याग्रह में जेल गयी।

सर आशुतोष मुखर्जी ने ही काली प्रसाद खेतान की विद्वता से प्रभावित होकर उन्हें विलायत जाकर बैरिस्टर बनने के लिए प्रेरित किया। बाद में वे १९४५ में बंगाल के एडवोकेट जनरल बने। साहित्य के क्षेत्र में राजस्थानी भाषा के रविन्द्रनाथ टैगोर पदम्श्री कन्हैयालाल जी सेठिया भी कलकत्ता से ही थे।

कलकत्ता के सेठ नौरंग राय खेतान १८७४ में सम्भवतः प्रथम मेट्रिक पास मारवाड़ी थे।

१९०५ में कलकत्ता के नागरमल लीला का विधवा से विवाह हुआ तो बवाल मच गया था।

१९०८ में मारवाड़ियों ने वैवाहिक सुधार को लेकर जयनारायण पोद्दार के सभापतित्व में २५ नियम बनाये। बाद में मारवाड़ी एसोसिएशन की स्थापना हुई। जिसको बाद में विधान सभा में सदस्य नामजद का अधिकार था।

मारवाड़ी सम्मेलन के समाज सुधार कार्यक्रम चाहे पर्दा-प्रथा हो या नारी शिक्षा, उसकी प्रेरणा राजा राममोहन राय एवं ईश्वरचन्द विद्यासागर से मिली।

आपकी मान्यताएँ आपके विचार बन जाते हैं, आपके विचार आपके शब्द बन जाते हैं, आपके शब्द आपके कार्य बन जाते हैं, आपके कार्य आपकी आदत बन जाते हैं, आपकी आदतें आपके मूल्य बन जाते हैं, आपके मूल्य आपकी नियति बन जाते हैं। – महात्मा गाँधी

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के सभी सदस्यों के सादर सूचनार्थ

आगामी सत्र हेतु राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव

मान्यवर,

सम्मेलन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की गत ०९ दिसम्बर २०१७ को कोलकाता में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय के अनुसार, आगामी सत्र हेतु राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है।

उक्त बैठक में ही सर्वसम्मति से श्री नंदलाल सिंघानिया (अधिवक्ता) को चुनाव अधिकारी और राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री संजय हरलालका को सहायक चुनाव अधिकारी मनोनीत किया गया है और चुनाव हेतु नियमावली तय की गई है।

इस संबंध में चुनाव अधिकारी द्वारा सभी प्रादेशिक अध्यक्षों को पत्र लिखा गया है जो नीचे प्रकाशित किया जा रहा है।

शिव कुमार लोहिया, राष्ट्रीय महामंत्री

स्थापित १९३५ फोन: (०३३) ४००४ ४०८९ ई-मेल: aimf1935@gmail.com वेबसाईट: www.marwarisammelan.com

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन
ALL INDIA MARWARI FEDERATION
(Regd. under W.B. Societies Act XXVI of 1961)
४बी, डकबैक हाउस (चौथा तल्ला), ४१, शेक्सपीयर सरणी, कोलकाता-७०० ०१७
4B, Duckback House (4th Floor), 41, Shakespeare Sarani, Kolkata - 700 017

प्रमुख उद्देश्य
समाज सुधार, समरसता, राजनैतिक चेतना एवं राष्ट्रीय एकता

राष्ट्रीय अध्यक्ष
प्रहलाद राय अगरवाला
9830079111
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
संतोष सराफ
9830021319
सुरेन्द्र लाठ
9437488822
राज कुमार पुरोहित
9821243352
ओंकारमल अगरवाला
9435168386
कमल नोपानी
9431018530
अनिल कुमार जाजोदिया
9415201641
राष्ट्रीय महामंत्री
शिव कुमार लोहिया
9830553456
राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री
दिनेश कुमार जैन
9831004542
दामोदर प्रसाद बिदावतका
9331015088
राष्ट्रीय संगठन मंत्री
संजय हरलालका
9804154115
राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष
कैलाशपति तोदी
9830044079

प्रादेशिक शाखा सम्मेलन
बिहार, झारखण्ड, पश्चिम बंग, उत्कल, पूर्वांचल, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, उत्तराखण्ड, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक एवं गुजरात।

सम्मेलन भवन
२५ए, राजा राममोहन राय सरणी
(अपर्स स्ट्रीट)
कोलकाता-७०० ००९
फोन :(०३३) २३५० ९९२९

Contribution exempted under Section 80G of Income Tax Act

अ.भा.मा.स./४०/२०१७-१८ ०८ जनवरी २०१८

सभी प्रादेशिक अध्यक्षों / महामंत्रियों के सादर ध्यानार्थ

आगामी सत्र हेतु राष्ट्रीय अध्यक्ष का निर्वाचन

महोदय,

अखिल भारतीय समिति की आगामी बैठक में अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के नये सत्र के लिये राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव सम्पन्न होगा।

राष्ट्रीय अध्यक्ष का निर्वाचन सम्मेलन की संविधान की धारा १५ के प्रावधानों के अन्तर्गत किया जाएगा जो निम्नवत हैं:

१. प्रादेशिक सम्मेलनों से अधिवेशन की तिथि से कम से कम २ मास पूर्व नये सत्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम के लिये सुझाव माँगे जायेंगे। कम से कम तीन प्रांतों (प्रादेशिक सम्मेलनों) द्वारा समर्थित सुझावों को ही अखिल भारतीय समिति के सम्मुख प्रस्तुत किया जायेगा।

२. अखिल भारतीय समिति आये हुए सुझावों के आधार पर सम्मेलन के साधारण अधिवेशन की तिथि से कम से कम एक महीने पहले सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव करेगी।

३. किसी कारणवश यदि निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष पद ग्रहण न कर सकें तो अखिल भारतीय समिति को अधिकार होगा कि किसी दूसरे सज्जन को, जो सम्मेलन का सदस्य हो, किसी भी समय राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित कर ले। सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ही साधारण एवं विशेष अधिवेशन के अध्यक्ष होंगे।

४. राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की पद्धति अखिल भारतीय समिति अथवा राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति द्वारा बनाये हुए नियमों के अनुसार होगी। चुनाव संचालन हेतु राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति एक चुनाव अधिकारी नियुक्त करेगी।

...२

पंजीकृत कार्यालय: १५२बी (दूसरा तल्ला), महात्मा गांधी रोड, कोलकाता-७०० ००७
फोन : (०३३) २२६८ ०३१९

२

गत ९ दिसम्बर २०१७ को सम्मेलन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक में अध्यक्ष के चुनाव हेतु नियमावली, सर्वसम्मति से, स्वीकृत की गयी। स्वीकृत नियमावली संलग्न है।

उक्त धारा १५(१) के अनुसार, इस पत्र के माध्यम से आपके प्रादेशिक सम्मेलन से नये सत्र के अध्यक्ष के नाम के लिए सुझाव आमंत्रित किया जा रहा है। प्रेषित सुझावों को चुनाव अधिकारी द्वारा अखिल भारतीय समिति की आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जायेगा एवं तदनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन सम्पन्न होगा।

आपसे सादर अनुरोध है कि आपका सुझाव सोमवार, १२ फरवरी २०१८ तक नीचे दिये पते पर अवश्य प्राप्त हो जाये, ऐसी व्यवस्था करने की कृपा करें।

Singhania & Company Advocates
7B, Kiran Shankar Roy Road,
Kolkata – 700 001
Cell No. : 98316 81947
Email: nlsinghania44@gmail.com

धन्यवाद सहित....

आपका,

(नंदलाल सिंघानिया)
चुनाव अधिकारी

प्रतिलिपि: सभी राष्ट्रीय उपाध्यक्षगण

संलग्नक: चुनाव संबंधी नियमावली

राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव हेतु नियमावली

(०९ दिसम्बर २०१७ को आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक में पारित)

१. प्रत्येक प्रांतीय सम्मेलन एक ही व्यक्ति का नाम प्रस्तावित कर सकेगा। एक से अधिक नाम प्राप्त होने पर उस प्रदेश से आये हुए नामों पर विचार नहीं किया जाएगा।

२. प्रांतीय अध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षरित प्रस्ताव/सुझाव ही मान्य होगा।

३. प्रस्ताव पहुँचने की अंतिम तिथि १२ फरवरी २०१८ है। उसके बाद प्राप्त नामों पर विचार नहीं किया जाएगा।

४. उपस्थित अखिल भारतीय समिति के सदस्य ही राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के निर्वाचन में मतदान कर सकेंगे। वे मतदान स्थल पर अपना फोटोयुक्त पहचान पत्र यथा पैन कार्ड, वोटर पहचान पत्र, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस में से कोई एक प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे। एक सदस्य को एक ही वोट देने का अधिकार होगा।

५. जिस सदस्य का अखिल भारतीय समिति के वर्तमान सत्र का सदस्यता शुल्क (जो प्रति सत्र २०० रुपया है) बकाया होगा, वे उसका भुगतान करके ही मतदान में भाग ले सकेंगे। यह शुल्क सम्मेलन के केन्द्रीय कार्यालय में कभी भी जमा कराया जा सकता है। साथ ही, मतदानस्थल पर भी यह शुल्क जमा कराने की सुविधा उपलब्ध होगी।

IISD Edu World
Be a Leader...

SREI Foundation

"Educate Morally & Technically" — Swami Vivekananda

Swami Vivekananda SREI Merit Scholarship upto 100% Quality Education at most affordable fees

Hospitality

Hospitality Management & Culinary Arts

Newly Introduced

BTED – HND in Hospitality Management

awarded by EDEXCEL, UK (A Pearson Global Education Undertaking)

Language School

- Functional English
- Spanish
- Russian
- Chinese
- French
- Hindi
- SANSKRIT
- Spoken English
- Italian
- German
- Persian
- Bahasa (Indonesia)
- Bengali

Assistance for placement

- Complementary Spoken English
- Online Application Facility
- Regular / Weekend Classes
- AC Classrooms
- P G Accommodation

Centre for Administrative Services / WBCS

Course Director: Dr.Bikram Sarkar (IAS retd.)

- Indian Administrative Service (IAS) and Allied Services Examinations (Prelim and Main)
- WBCS (Executive) and Judicial Services Examinations (Prelim and Main)

Health Care

Preparatory course for Joint Entrance of MD/MS, DNB and MRCP (Part-I) Medicine

"Family Medicine Certificate Course (First Aid)

Business School

- AIMA recognized PGDM (2Yrs.)
- Tally ERP 9+GST
- Company Secretaryship
- Chartered Accountancy (CPT, IPCC & Final)
